रिपोर्ट

भारत सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार दिनांक 30 जुलाई 2026 को महारानी पद्मावती राजकीय महिला महाविद्यालय शहजादपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई के तत्वावधान में "एक पेड़ माँ के नाम" पौधारोपण अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य महोदया तथा उपस्थित प्राध्यापकों द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों, शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, वृक्षों के महत्व तथा प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों के बारे में जागरूक किया गया। सभी प्रतिभागियों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया।

यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ अपनी माँ के प्रति सम्मान एवं समर्पण की भावना को व्यक्त करने का एक सार्थक प्रयास रहा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

कार्यक्रम अधिकारी

आरती शर्मा

Meera
Principal
Govt. College For Women
Shahzadpur (Ambala)

विद्यार्थियों ने पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का लिया संकल्प

शहजादपुर, 30 जुलाई (राजेश): उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार महारानी पद्मावती राजकीय महिला महाविद्यालय, शहज़ादपुर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत एक भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी के कुशल नेतृत्व में चलाया गया। इस पर्यावरण संरक्षण मुहिम के तहत कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार और फलदार पौधे रोपे गए, जिनमें मुख्य रूप से इमली, अमरूद और आंवला शामिल रहे।

प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी ने छात्राओं और स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और पौधों की देखभाल करने का संकल्प दिलाया। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आरती शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने न केवल कॉलेज परिसर को हरा-भरा बनाने में योगदान दिया, बल्कि पर्यावरण जागरूकता का संदेश भी प्रसारित किया। इस अवसर पर एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों को अपने-अपने स्तर पर पौधारोपण करने के लिए निःशुल्क पौधों का वितरण भी किया गया, ताकि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में भी हरियाली बढ़ा सकें। कार्यक्रम में कॉलेज का समस्त स्टाफ और भारी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।



पौधे वितरित करते व पौधारोपण करते प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी तथा अन्य। (राजेश)

महारानी पद्मावती राजकीय महिला महाविद्यालय में किया पौधारोपण



भास्कर न्यूज | शहजादपुर

उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार महारानी पद्मावती राजकीय महिला महाविद्यालय शहजादपुर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी के नेतृत्व में चलाया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आरती शर्मा के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने परिसर में छायादार और फलदार पौधे लगाए, जिनमें इमली, अमरूद और आंवला शामिल रहे।

प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी ने छात्राओं और स्वयंसेवकों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और पौधों की देखभाल करने का संकल्प दिलाया। स्वयंसेवकों ने पौधों का वितरण भी किया, ताकि लोग अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में हरियाली बढ़ा सकें।



